अमर उजाला 07/12/2024

लैंगिक समानता व महिलाओं के विरुद्ध

जीएमएन कॉलेज के उगाड़ा गांव में विद्यार्थियों को शिक्षित करते विद्यार्थी। स्वयं

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। जीएमएन कॉलेज के संगीत विभाग ने लैंगिक समानता और महिलाओं के खिलाफ हिंसा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया। भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति को दर्शाने वाले विभिन्न गीतों के माध्यम से जागरूकता फैलाई गई।

यह गतिविधि डॉ. मनजीत कौर के मार्गदर्शन में की गई। इसी तरह कॉलेज में हिंदी एवं जनसंचार विभाग ने छात्रों में दार्शनिक, नैतिक और जीवन के प्रति व्यावहारिक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से श्रीमद्भगवद्गीता पर आधारित प्रेरणादायक भाषण प्रतियोगिता करवाई।

इसके अलावा मनोविज्ञान विभाग, मानसिक स्वास्थ्य क्लब और मनोवैज्ञानिक परामर्श केंद्र की ओर से फिट इंडिया मानसिक स्वास्थ्य की भूमिका विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई। इस दौरान टीम वन की रिया और रिद्धि ने प्रथम, हरमनजीत और आसिफ ने द्वितीय, रोहित और हर्ष ने तृतीय स्थान हासिल किया।

इसके साथ ही कॉलेज में रेड रिबन क्लब, यूथ रेडक्रॉस, जीएमएन कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं एलजीआई इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय मुफ्त आई स्क्रीनिंग शिविर लगाया गया।

जीएमएन कॉलेज में तीन दिवसीय मुफ्त आई स्क्रीनिंग शिविर लगाया

शिविर में आंखों के नियमित जांच के महत्व के बारे में बताया गया। इस दौरान कॉलेज और एलजीआई इंस्टिट्यूट के बीच एक एमओयू भी साइन किया गया। शिविर में डॉक्टरों की टीम ने आंखों का चेकअप किया। वहीं, कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ की ओर से कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के निर्देशन एवं डॉ. नेहा अग्रवाल के नेतृत्व में उगाड़ा में ग्रामीण विद्यार्थियों को शिक्षित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम करवाया गया। गांव सरपंच ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष भूमिका निभाई।